राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 479

16 सितंबर, 2020 को उत्तर के लिए

पूर्वी भारत में इस्पात उत्पादन को बढ़ाना

479. श्रीमती शांता क्षत्री:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा पूर्वी भारत में इस्पात के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या-क्या कदम उठाए गए हैं और इसके क्या परिणाम रहे हैं?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): इस्पात मंत्रालय ने क्षमता वर्धन, एकीकृत इस्पात संयंत्रों तथा माँग के केन्द्रों के निकट इस्पात कलस्टरों के विकास तथा लॉजिस्टिक और जनोपयोगी अवसंरचना के कायापलट हेतु ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड इस्पात संयंत्रों की स्थापना करके पूर्वी क्षेत्र के विकास पर ध्यान देने के उद्देश्य से ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में एकीकृत इस्पात हब के विकास को शामिल करते हुए 'पूर्वोदय' पहल की शुरुआत की है।

****